ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 228

रूस में द्विपक्षीय बातचीत से पहले मोदी-पुतिन गले मिले:PM बोले- रूस-यूक्रेन जंग केवल बातचीत से रुकेगी; भारत इसमें हर मदद देने को तैयार



24 न्यूज अपडेट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी BRICS समिट में शामिल होने के लिए मंगलावर को रूस के कजान शहर पहुंचे। यहां उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय बातचीत की। इस दौरान दोनों नेता एक-दूसरे से गले मिले।

पुतिन ने कहा, "हमारे संबंध इतने अच्छे हैं कि आप मेरी बात बिना ट्रांसलेटर (अनुवादक) के समझ जाते हैं।"

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन जंग पर भारत के स्टैंड को कायम रखा। उन्होंने कहा, "हर समस्या का समाधान शांतिपूर्ण ढंग से हो। रूस-यूक्रेन जंग केवल बातचीत से रुकेगी। भारत संघर्ष के समाधान में हर मदद देने को तैयार है।

मोदी ने कहा-भारत का हर प्रयास मानवता के समर्थन में है। हम जल्द से जल्द शांति की बहाली चाहते हैं।

PM मोदी पिछले 4 महीनों में दूसरी बार रूस गए हैं। इससे पहले जब वे जुलाई में रूस गए थे तो उन्होंने पुतिन को सलाह दी थी कि बम-बंदूकों और गोलियों से शांति संभव नहीं है। इसके बाद वे यूक्रेन दौरे पर भी गए थे। जहां उन्होंने जेलेंस्की से कहा था-

मैंने पुतिन से आंख में आंख मिलाकर कहा था कि ये जंग का समय नहीं है।

मोदी का रूस में लड्डू और ब्रेड नमक से स्वागत

इससे पहले जब मोदी एयरपोर्ट पहुंचे तो उनका स्वागत लड्डू और ब्रेड नमक के साथ किया गया। साथ ही वो यहां प्रवासी भारतीयों से भी मिले। इसके बाद कजान के होटल पहुंचने पर उन्होंने भारतीय पोशाक पहने रूसी कलाकारों का डांस भी देखा।

PM मोदी इससे पहले जुलाई में भारत-रूस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे थे। वे आज शाम में BRICS लीडर्स के साथ डिनर में शामिल होंगे। डिनर के दौरान उनकी यहां कई लीडर्स के साथ अनौपचारिक बातचीत हो सकती है।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक PM मोदी बुधवार को BRICS की मीटिंग में हिस्सा लेंगे। यह दो सेशन में होगी। सबसे पहले सुबह क्लोज प्लेनरी यानी बंद कमरे में बातचीत होगी। इसके बाद शाम को ओपन प्लेनरी होगी। इस दौरान PM मोदी कई नेताओं से द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे।

साइक्लोन दाना 25 अक्टूबर को ओडिशा-बंगाल से टकराएगा:भारी बारिश से कर्नाटक-तमिलनाडु में बाढ़; IMD ने अगले 5 दिन भारी बारिश की चेतावनी जारी



24 न्यूज अपडेट

बंगाल की खाड़ी से उठने वाला समुद्री तूफान दाना 25 अक्टूबर को ओडिशा और पश्चिम बंगाल से टकराएगा। साइक्लोन के असर से मंगलवार को तमिलनाडु और कर्नाटक के समुद्री किनारों वाले जिलों में भारी बारिश हुई।

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना कम दबाव क्षेत्र मंगलवार सुबह डीप डिप्रेशन में बदल गया। इसके बाद पश्चिम बंगाल की तरफ बढ़ रहा है। बुधवार तक यह चक्रवाती तूफान में बदल जाएगा। IMD के मुताबिक, इस दौरान हवा की रफ्तार 110 किमी/घंटा से 120 किमी/घंटा तक हो सकती हैं। साइक्लोन के चलते मछुआरों को 25 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

हालांकि, तूफान आने से पहले ही कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश से कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। इससे पहले सोमवार को बेंगलुरु आने वाली चार फ्लाइट्स चेन्नई डायवर्ट की गई थीं।

इसके अलावा मंगलवार को मौसम विभाग (IMD) ने दक्षिण भारत के तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, पुडुचेरी और पूर्वी भारत के ओडिशा, पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में पांच दिन भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

IMD ने बताया आंध्र प्रदेश के रायलसीमा क्षेत्र में भारी बारिश और 30 से 50 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। पुडुचेरी में बिजली गिरने की आशंका है।

कर्नाटक के येलहांका से NDRF ने 300 लोगों का रेस्क्यू किया

NDRF के एक अधिकारी ने बताया कि येलहांका इलाके में बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। यहां 2000-3000 लोग फंसे हुए हैं। तीन टीमें यहां काम कर रही हैं। एक टीम को दूसरी जगह भेज दिया है, जहां 200-300 लोग फंसे हुए हैं।

जम्मू-कश्मीर में लश्कर का नया आतंकी संगठन TLM एक्टिव:पुलिस का दावा- यह आतंकियों की भर्ती कर रहा; पाकिस्तानी हैंडलर बाबा हमास है सरगना



24 न्यूज अपडेट

जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को नए आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक या मुस्लिम (TLM) का खुलासा हुआ है। काउंटर इंटेलिजेंस विंग (CIK) और पुलिस ने मंगलवार को श्रीनगर, गांदरबल, बांदीपोरा, कुलगाम, अनंतनाग और पुलवामा में कई लोकेशन पर छापा मारा।

पुलिस ने बताया कि TLM बैन आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का ही एक अलग ग्रुप है। भास्कर को सूत्रों ने बताया कि TLM आतंकवादियों की भर्ती करने का एक मॉड्यूल है, जिसे पाकिस्तान का हैंडलर बाबा हमास चला रहा है।

CIK और पुलिस का ऑपरेशन अभी जारी है। TLM के बारे में और ज्यादा जानकारी सामने आएगी। गांदरबल अटैक में एक डॉक्टर समेत 7 मजदूरों की जान गई थी। हमले के चश्मदीद ने बताया कि 2 आतंकवादी शॉल ओढ़कर आए और मेस में बैठे मजदूरों पर गोली चलाई।

CIK ऑपरेशन में अब तक क्या मिला

अब तक 10 लोकेशन पर छापा मारा गया है। 7 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। 14 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप जब्त किया गया है। कुछ मटेरियल भी जब्त किया गया है।

गांदरबल अटैक की जिम्मेदारी TRF ने ली, अब TLM सामने आया

गांदरबल अटैक की जिम्मेदारी भी लश्कर के ही एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (TRF) ने ली है। इसका मास्टरमाइंड TRF का चीफ शेख सज्जाद गुल है। इस हमले के 2 दिन बाद एजेंसीज ने नए संगठन TLM का खुलासा किया है। आगे की जांच में यह पता चल सकता है कि गांदरबल अटैक के पीछे इस TLM का हाथ है या नहीं।

TRF का धारा 370 कनेक्शन, मकसद- अस्थिरता फैलाना

2020 के बाद TRF टारगेट किलिंग की ज्यादातर घटनाओं में शामिल रहा है। यह कश्मीरी पंडितों, प्रवासी कामगारों, सरकारी अफसरों, नेताओं और सिक्योरिटी फोर्सेस को निशाना बनाता है।

370 हटने के बाद सरकारी योजनाओं, कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास की योजनाओं पर पानी फेरना और अस्थिरता फैलाना इसका मकसद है। इसने सरकार या पुलिस में काम करने वाले उन स्थानीय मुस्लिमों को भी निशाना बनाया है, जिन्हें वह भारत का करीबी मानता है।

अब इंडिगो-विस्तारा, AI की 50 फ्लाइट्स में बम की धमकी:8 दिन में 170 से ज्यादा विमानों को धमकियां; सरकार बोली- सख्त कानून लाएंगे



24 न्यूज अपडेट

देश में यात्री विमानों को मिल रही धमकी का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार को 50 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। न्यूज एजेंसी PTI के सूत्रों के मुताबिक, इनमें इंडिगो, विस्तारा और एअर इंडिया (AI) की डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स शामिल हैं। पिछले 8 दिन में अब तक 170 से ज्यादा विमानों को ऐसी धमकी मिल चुकी है।

मंगलवार को एयर इंडिया और इंडिगो की 13-13 उड़ानों, अकासा एयर की 12 से अधिक उड़ानों, और विस्तारा की 11 उड़ानों को धमकी मिली।

विस्तारा और एअर इंडिया के प्रवक्ताओं ने मंगलवार को कहा कि एक दिन पहले सोमवार को कुछ उड़ानों को सोशल मीडिया पर सुरक्षा संबंधी धमकी मिली थी। संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी और सभी प्रोटोकॉल का पालन किया गया।

सिविल एविएशन मंत्री राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा था कि धमकियां भले ही फर्जी हैं, लेकिन हम इन्हें हल्के में नहीं ले सकते। हम इसके खिलाफ सख्त कानून लाएंगे।

विमानों को धमकी से निपटने के लिए सख्त कानून लाने की तैयारी

केंद्रीय उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा- ऐसी धमकी देने वालों के नाम 'नो फ्लाई लिस्ट' में शामिल किए जा सकते हैं। सरकार विमानन सुरक्षा नियमों और नागरिक विमानन सुरक्षा के विरुद्ध गैरकानूनी कृत्यों का दमन अधिनियम, 1982 में संशोधन की योजना बना रही है। उन्होंने कहा- नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) इस मुद्दे पर लगातार गृह मंत्रालय के संपर्क में है।

3 राज्यों के 5 स्कूलों में बम की धमकी:इनमें 3 CRPF के स्कूल, मेल के जरिए धमकाया; अबतक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला



24 न्यूज अपडेट

सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (CRPF) के दिल्ली के दो और हैदराबाद के एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, यह धमकी तीनों स्कूलों के मैनेजमेंट को ईमेल के जरिए भेजी गई थी।

इसके अलावा तमिलनाडु के कोयंबटूर के चिन्नावेदमपट्टी और सरवनमपट्टी के दो प्राइवेट स्कूलों को भी बम की धमकियां मिली हैं।

मंगलवार सुबह बॉम्ब स्क्वाड की टीमें इन सभी स्कूलों में पहुंची। स्कूलों को खाली कराकर जांच की जा रही है। हालांकि, अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

इससे पहले दिल्ली के रोहिणी इलाके में CRPF स्कूल के पास 20 अक्टूबर को एक ब्लास्ट हुआ था। हालांकि, इस हमले में कोई घायल नहीं हुआ था। सिर्फ दुकानें और स्कूल की दीवार डैमेज हुई थी।

दिल्ली के रोहिणी इलाके में CRPF स्कूल के पास 20 अक्टूबर को सुबह करीब 7:30 बजे धमाका हुआ था। इसकी जिम्मेदारी खालिस्तानी संगठन ने टेलीग्राम के जरिए ली थी। दिल्ली पुलिस ने बताया कि स्कूल की दीवार के पास पॉलीथिन बैग में विस्फोटक रखा गया था।

30 विमानों को 21 अक्टूबर की देर रात बम से उड़ाने की धमकी मिली। इनमें इंडिगो, विस्तारा और एअर इंडिया (AI) की डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स शामिल हैं। पिछले 8 दिन में अब तक 120 से ज्यादा विमानों को बम हमले की धमकी मिल चुकी है।

दिल्ली-NCR के करीब 100 स्कूलों में बम रखे होने की धमकी 1 मई को भेजी गई थी। इसके तुरंत बाद सभी स्कूलों में दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता, दमकल की गाड़ियां और एम्बुलेंस पहुंच गईं। स्कूलों को खाली करवाने के बाद पुलिस ने बम की तलाशी की गई, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला था।

संपादकीय : दोहरा रवैया

अक्सर देश की अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों के बूते भारत के एक विकसित देश की श्रेणी में खड़ा होने की ओर बढ़ने की खबरें आती हैं। मगर इसके समांतर ऐसी खबरों पर हैरानी होती है कि भारत दुनिया के उन पांच देशों में है, जहां सबसे ज्यादा तादाद में लोग बेहद गरीबी में अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र की एक ताजा रपट में देश में गरीबी की तस्वीर फिर एक जटिल दुश्चक्र के रूप में सामने आई है संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम और आक्सफर्ड विश्वविद्यालय के आक्सफर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल की ओर से तैयार इस रपट में कहा गया है कि दुनिया भर में एक अरब से ज्यादा लोग घोर गरीबी का सामना कर रहे हैं। इनमें से चालीस फीसद लोग युद्ध या किसी अन्य वजहों से नाजुक स्थिति में या फिर वैसे देशों में रह रहे हैं, जहां हमेशा ही हिंसा या अराजकता की आशंका बनी रहती है। इस रपट में दर्ज आंकड़ों के अनुसार भारत में 23.4 करोड़ लोग बेहद गरीबी में जीवनयापन कर रहे हैं। अफसोसनाक हकीकत यह है कि भारत को उन पांच देशों में गिना गया है, जहां घोर गरीबी में गुजर-बसर करने वाले लोगों की संख्या सबसे ज्यादा है। इस श्रेणी में भारत के अलावा पाकिस्तान, इथियोपिया, नाइजीरिया और कांगो जैसे देश हैं, जिन्हें निम्न मानव विकास सूचकांक में रखा गया है। गौरतलब है कि हाल ही में आए वैश्विक भूख सूचकांक में भी भारत को 'गंभीर' भूख की समस्या वाले देशों में बताया गया था। सवाल है कि आए दिन सरकार की ओर से देश की अर्थव्यवस्था की जो चमकती तस्वीर पेश की जाती है, विकास के दावे किए जाते हैं, इस बुनियाद पर गरीबी के पायदान पर यह त्रासदी क्यों कायम है? एक ओर सरकार यह कहती है कि देश के अस्सी करोड़ से ज्यादा गरीब लोगों को पेट भरने के लिए मुफ्त अनाज मुहैया कराया जा रहा है, तो दूसरी ओर अगले कुछ दशक में विकसित भारत बनाने का दावा भी किया जा रहा है। अगर भारत की स्थिति अभी भी गरीबी की कसौटी पर सबसे निचले पायदान पर खड़े देशों के समकक्ष या इसके आसपास है, तो वे कौन-से आधार हैं, जिनके बसे भारत को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने का दावा किया जा रहा है ? संयुक्त राष्ट्र की रपट में एक अहम बात यह भी दर्ज की गई है कि तिरासी फीसद से ज्यादा गरीब लोग ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। इस लिहाज से देखें तो यह साफ है कि भारत सहित ज्यादातर देशों में अगर सरकारें विकास कार्यों को लेकर सक्रिय दिखती भी हैं तो उसका केंद्र आमतौर पर शहर- महानगर हैं। यही वजह है कि ग्रामीण इलाके उपेक्षित होते हैं तो वहां के लोग गुजर-बसर के लिए शहरों महानगरों की ओर रुख करते हैं। इसलिए जब तक शहरी इलाकों की तरह ग्रामीण इलाकों को लेकर भी समावेशी, विकेंद्रीकृत और समान विकास की नीतियां सरकारों की प्राथमिकता में शामिल नहीं होंगी, तब तक स्थिति में सुधार की गुंजाइश नहीं बनेगी। हालांकि समस्या यह भी है कि हर वर्ष आने वाली रपटों में अलग-अलग संस्थाओं के आकलनों में गरीबी के आंकड़े भिन्न होते हैं, इसलिए विकासशील देशों में ठोस आधार पर गरीबी के आकलनों को लेकर कई बार भ्रम की स्थिति बनती रही है। जाहिर है, कुछ खास बिंदुओं पर आधारित इस तरह के आकलनों में कई बार और अधिक समग्र तथा व्यापक दृष्टिकोण की अपेक्षा होती है मगर प्रत्यक्ष दिखती परिस्थितियां भी अगर गरीबी की दुखद तस्वीर ही पेश करें, तब विकास की प्रचारित परिभाषा अपने आप कसौटी पर आ जाती है।

तबाही का युद्ध

हमास के खिलाफ इजराइल की कार्रवाई के बाद यह अनुमान नहीं था कि एक वर्ष से चल रहा यह टकराव एक लंबे और जटिल युद्ध में तब्दील हो जाएगा। गाजा में इजराइल अभी हवाई हमले और जमीनी अभियान दोनों ही जारी रखे हुए हैं। गंभीर बात है इसका दायरा प्रतिदिन बढ़ रहा है। हर रोज बड़ी संख्या में लोग हताहत हो रहे हैं। हमास के भयावह हमले के बाद इजराइल की प्रतिक्रिया को स्वाभाविक बताया गया था, मगर यह अंदाजा नहीं था कि वह प्रतिशोध में इतनी बड़ी तबाही मचा देगा। रविवार को उत्तरी गाजा में किए गए हमले में सत्तासी लोगों की मौत हो गई, चालीस लोग जख्मी हो गए। कोई नहीं जानता कि इजराइल और हमास के बीच संघर्ष कब थमेगा। यह दिनोंदिन जटिल होता जा रहा है। इस युद्ध के दायरे में गाजा पट्टी के बाद अब लेबनान से लेकर ईरान तक आ रहे हैं। हिजबुल्लाह और इजराइल में तनातनी के बीच लेबनानी सेना दूर ही थी, मगर हालिया हमले में उसके तीन सैनिकों की मौत ने इस क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है। इस समय दक्षिणी लेबनान पर इजराइल के हवाई हमले से तबाही मची हुई है। गाजा पर निरंतर हमले में अब तक बयालीस हजार से अधिक फिलिस्तीनी नागरिकों की जान चुकी है। इनमें ज्यादातर महिलाएं और मासूम बच्चे थे। चिंता की बात है। कि इजराइल की कार्रवाई से जिस तरह मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, उस पर कहीं कोई आवाज नहीं उठ रही है ईरान के मिसाइल हमले के बाद वैसे भी यह युद्ध खतरनाक मोड़ पर है। इजराइल ने इसे चुनौती के रूप में लिया है। पिछले दिनों अमेरिकी खुफिया विभाग के जो दस्तावेज लीक हुए हैं, उससे पता चला है कि इजराइल की सेना ईरान पर बड़े हमले की तैयारी कर रही है। अगर ऐसा होता है, तो ईरान पलट कर वार नहीं करेगा, इसकी उम्मीद नहीं करनी चाहिए बल्कि ईरान की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि इजराइल के किसी भी हमले का करारा जवाब दिया जाएगा। ईरान पहले ही अपनी सेना के शीर्ष कमांडरों के मारे जाने से बौखलाया हुआ है। अगर इन दोनों देशों के बीच भी सीधा युद्ध छिड़ जाता है, तो इसके विनाशकारी परिणाम निकलेंगे और इसका दायरा विश्व स्तर पर कितना बड़ा होगा, कहा नहीं जा सकता।

नशा खतरनाक, छोड़ने के 10 साल बाद तक बना रहता है प्रभाव,नशा मुक्ति पर हुआ विधि महाविद्यालय में व्याख्यान



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। नशा मुक्ति पर विधि महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट प्रथम व द्वितीय की ओर से नशा मुक्ति पर व्याख्यान रखा गया। मुख्य अतिथि डॉक्टर पी सी जैन ने नशे के कारणों और प्रभाव को रोचक तरीके से समझाया। उन्होंने कहा कि नशे की आदत होने पर व्यक्ति अवसाद ग्रस्त हो जाता है, तथा कई मामलों में पारिवारिक जीवन से त्रस्त हो कर आत्माहत्या तक कर लेता है। नशे के आदि हुए व्यक्ति को प्यार से समझाया जा सकता है, उस पर मारपीट का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। सही समय पर डॉक्टर की सलाह लेकर नशे की आदत को छुड़ाया जा सकता है।यदि आप आप वर्तमान में तंबाकू ले रहे हैं तो तत्काल छोड़ें और सालों साल तंबाकू मुक्त बने रहे क्योंकि इसका खतरा छोड़ने के 10 साल के बाद ही कम हो समाप्त होने लगता है। अर्थात छोड़ने के बाद भी उसके कुप्रभाव जैसे हार्ट अटैक, स्ट्रोक, लंग कैंसर, माउथ कैंसर इत्यादि बने रहते हैं। अर्थात तंबाकू किसी भी रूप में सिगरेट, बीड़ी, मंजन, गुटका, मसाला लेना ही शुरू न करें। देश में रोज 4000 व्यक्ति, प्रदेश में 246 व्यक्ति और सारे देश में 12 लाख व्यक्ति तंबाकू से हर वर्ष मर जाते हैं। यह बात आज यहां मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के लॉ कॉलेज में जल मित्र एवं व्यसनमुक्त भारत की जिला समिति के सदस्य डॉक्टर पी सी जैन ने कहीं। प्रारंभ में उन्होंने अपने मेडिकल कॉलेज की शिक्षा के दौरान अपने सहपाठी, माता-पिता के इकलौते पुत्र की शराब से हुई मृत्यु की सच्ची घटना बताई। नशे के कारण जो 12 एफ हैं उनका छात्र छात्राओं द्वारा सचित्र वर्णन करवाया। स्मोकिंग किस तरह व्यक्ति को मारता है इस पर भी फिल्म बताइ। अपने पीपीटी प्रेजेंटेशन में उन्होंने युवक युवती दोनों के हर प्रकार के नशे के क्या प्रभाव होता है यह बतलाया क्योंकि दोनों की शारीरिक रचना अलग-अलग है तो नशे का कुप्रभाव युवतियों और उनके होने वाली संतति पर घातक होता है। शराब ,अफीम, तंबाकू, गुटखा, ब्राउन शुगर, एमडीएमऐ, सभी के तात्कालिक और दीर्घ गामी कुप्रभाव दिखाते हुए विद्यार्थियों को आगाह किया कि वह इन सब से बचे क्योंकि नशा एक रोग है जिसका ईलाज संभव है और प्रभाव भी जीवन भर बना रहता है। पड़ोसी देश रोज ड्रोन के सहारे हमारे देश में नशीली ड्रग्स भेज रहा है ताकि हमारे युवा पीढ़ी बर्बाद हो सके और अगर युवा पीढ़ी यह तय कर ले कर ले कि हम नशा नहीं करेंगे तो यह नशीले पदार्थ किसी काम के नहीं रहेंगे अर्थात नशा मुक्ति बने रहना भी एक तरह की देशभक्ति है। छात्र-छात्राओं ने नशा गीत" रो-रो के घर के सारे" में बताया कि नशा शुरू में बहुत प्यारा लगता है और अंत में सारा परिवार रोता है। इस नशा गीत में कॉलेज के राशि खुंतवाल, भाव्यता यादव, हीना कंवर चुंडावत , चित्रा जोशी, तमन्ना अंजुम, अंजली देवड़ा, जय बगड़ी , भावेश कुमार ने भाग लिया। डॉक्टर पीसी जैन ने अंत में सबसे संकल्प दिलवाया कि वह किसी प्रकार का नशा नहीं करेंगे और देश को नशा मुक्त करने के प्रयास में सक्रिय सहयोग देंगे। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि अभी कुछ स्कूली बालकों में के यूरिन में भी कोकीन पाया गया हैं। इस प्रकार नशा बालकों में भी फैल रहा है नशे मुक्त भारत के लिए सभी को प्रयास करने होंगे और सभी को मादक पदार्थ रखने वालों की सूचना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी को दी जानी चाहिए । इसके लिए समाज के सभी वर्गों को सभी लोगों को आगे आना होगा। स्कूली बालकों में कोकीन जैसे मादक पदार्थ पहुंचना चिंता का विषय हैं उन्होंने विधार्थियों से नशे की चपेट में न आने की अपील की और सदैव जाग्रत रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर विधि महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉक्टर राज श्री चौधरी, डॉ. शिल्पा सेठ ,डॉ पी. डी. नागदा डॉ. भाविक पानेरी डॉ. कल्पेश निकावत संकाय सदस्य डॉ स्नेहा सिंह, डॉ.पंकज मीणा और अन्य संकाय सदस्य और विधि छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

कार, ऑटो और बाइक के बीच हुई जोरदार भिड़ंत, ऑटो चालक की मौत 5 घायल



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट.डूंगरपुर। डूंगरपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में बलवाड़ा रेलवे फाटक के पास आज सुबह कार, ऑटो और बाइक के बीच हुई जोरदार भिड़ंत। हो गई जिसमें ऑटो चालक की मोत हो गई व 5 लोग घायल हो गए। कार में सवार पति-पत्नी की हालत गंभीर है तथा उन्हें रेफर किया गया है। बताया गया कि बलवाड़ा रेलवे फाटक के पास आज सुबह एक्सीडेंट हुआ। बिलड़ी निवासी विजय कलाल (40), पत्नी आंचल कलाल (35) और 2 बच्चों के साथ अहमदाबाद से अपनी कार से डूंगरपुर घर की ओर लौट रहे थे। दूसरी तरफ बलवाड़ा रेलवे फाटक के पास कार की सवारी लेकर जा रहा ऑटो की कार व बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो चालक कावा कटारा (55) निवासी काली घाटी करौली, रामा नाथू खराड़ी मीणा (40) निवासी ओडा, कार सवार विजय कलाल, पत्नी आंचल, भगवान पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर उपस्थित लोगों ने पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी जिस पर सभी घायलों को डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने जांच के बाद ऑटो चालक कावा कटारा को मृत घोषित कर दिया। कार में सवार आंचल के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। विजय कलाल के गर्दन, हाथ के शरीर पर कई जगह गंभीर चोट लगी है।

नेटवर्क डिवाइस चुराने वाली गैंग के 8 बदमाश गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा पुलिस की साइबर सेल ने ने मोबाइल टावर से आरआयू नेटवर्क डिवाइस चुराने वाली एक गैंग के 8 बदमशों को गिरफ्तार किया है। ये गैंग 2 करोड़ की कीमत वाले इस डिवाइस को चुरा विदेशों में बेचती थी।

पूछताछ में सामने आया कि गिरोह से पुलिस ने भीलवाडा, राजसमन्द, चितौडग़ढ सहित राजस्थान व मध्यप्रदेश की 100 से अधिक वारदातों का खुलासा किया है। इनके पास से पुलिस ने 15 लाख रुपए और 6 डिवाइस् भी बरामद किए है। इन्हें पकड़ने के लिए भीलवाड़ा पुलिस ने करीब 500 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाले।

एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम को 13 सितंबर 2024 को थाने पर इण्डस कम्पनी के सिक्योरिटी सुपरवाईजर राजेन्द्र सिंह ने एक रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मानसरोवर झील के पास एयरटेल कम्पनी का टॉवर लगा है। इस पर लगे आरआरयू चोर चुरा ले गए। इस रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। जिले में बढ़ती मोबाइल टावर की आरआरयू डिवाइस चोरी की वारदातों पर अंकुश के लिए एएसपी पारस जैन के निर्देशन व डीएसपी सिटी मनीष बडगुर्जर के सुपरविजन में एक टीम गठित की गई।

500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले

साईबर सेल ने घटनास्थल के 500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरो एवं बीटीएस के एनालिसि कर वारदात में शामिल गैंग के मुख्य आरोपी सहित 8 आरोपियों को नामजद कर गिरफ्तार कर लिया हैं । इस गैंग से 6 आरआरयू (नेटवर्क डिवाइस) बरामद किये गये। जिनकी कीमत करीब 15 लाख रुपए है

2 करोड़ की डिवाइस चुराकर विदेशों में बेचा

आरोपियों द्वारा चुराए डिवाइस की अनुमानित कीमत 2 करोड़ बताई जा रही है। चोरी के डिवाइस को गैंग द्वारा विदेशों में बेचना बताया जा रहा है। आरोपियों के कब्जे से 15 लाख के 06 नेटवर्क डिवाइस जब्त किए।

साधुमार्गी जैन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गांधी का बिनोता संघ द्वारा स्वागत



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेडा। बिनोता कस्बे के जैन साधुमार्गी संघ के सदस्यो द्वारा सोमवार को बिनोता में प्रवास के दौरान अखिलभारतीय साधुमार्गी जैन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र गांधी एवम उनके साथ आये कार्यकारिणी सदस्यो का समता भवन में स्वागत अभिनन्दन किया गया संघ के पुखराज चपलोत उम्मेद डोसी , समता युवा संघ के अध्यक्ष लाल चंद लोढा ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार गांधी ,महामंत्री सुरेश बछावत,कोषाध्यक्ष राजेश बछावत, राष्ट्रीय, मेवाड़ अंचल के उपाध्यक्ष प्रकाश चपलोत,राष्ट्रीय मंत्री सोहनलाल पोखरना, संयोजक वरदी चंद कोठारी, कार्यसमिति सदस्य अशोक पोरवाल, का बिनोता संघ के अध्यक्ष जसवन्त कुमार डोसी,मंत्री हस्तीमल चपलोत कोषाध्यक्ष,प्रकाश मुनेत,युवा संघ के लालचंद लोढा विनीत डोसी रमेश लोढा,प्रसन्न डोसी अक्ष मुनेत,सहित उपस्थित सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया संघ प्रवास की गतिविधियों के अंतर्गत समता भवन में संघ के सदस्यो के साथ संघ की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी,स्थानीय संघ संघ द्वारा बर्तमान में चलाईं जा रही गति विधियों के बारे में जानकारी ली स्वागत कार्यक्रम के दौरान,महिला मंडल की अंजना डोसी,कला देवी डोसी,लीला चपलोत, पूनम डोसी प्रिया मुनेत,कविता डोसी कुसुम डाँगी ,प्रेमबाई डोसी गायत्री बाबेल, सहित महिला मंडल की सदस्या उपस्थित रही आतिथ्य सत्कार प्रकाश चन्द्र मनन कुमार मुनेत परिवार द्वारा किया गया

सलूंबर में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती शांता मीणा शुक्रवार 25 को करेगी नामांकन दाखिल

प्रदेश अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री रहेंगे उपस्थित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर 22 अक्टूबर सलूंबर के आसन्न चुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती शांता मीणा 25 अक्टूबर को प्रातः 11.30 बजे अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत करेगी। निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी,प्रभारी नाहरसिंह जोधा,सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर जिलाध्यक्ष चंद्रगुप्तसिंह चौहान ने बताया कि नामांकन रैली में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं प्रदेशाध्यक्ष श्री मदन राठौड़ विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

मुर्गी पालकों को पोल्ट्री पिंजरा व मुर्गी आहार का निःशुल्क वितरण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 22 अक्टूबर। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत मंगलवार को धार ग्राम पंचायत में चयनित एवं प्रशिक्षित मुर्गी पालकों को 22 पोल्ट्री पिंजरा तथा 50 किलो मुर्गी आहार का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बड़गांव प्रधान श्रीमती प्रतिभा नागदा ने पशुपालकों को पोल्ट्री पिंजरा व मुर्गी आहार वितरित कर मुर्गी पालन को आमदनी का जरिया बनाने एवं मुर्गी पालन से आमदनी बढ़ाने लिए आह्वान किया। अतिरिक्त निदेशक डॉ. शरद अरोड़ा ने मुर्गी पालकों को मेवाड़ी स्थानीय भाषा में मुर्गियों की व्यवस्थित देखभाल करने एवं मुर्गी पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने के साथ इस योजना की जानकारी दी। योजना प्रभारी डॉ.हंस कुमार जैन ने बताया कि दो दिवसीय प्रशिक्षण में मुर्गी पालकों को इन पोल्ट्री पिंजरा व मुर्गियों के लिए पौष्टिक आहार की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शिविर प्रभारी डॉ. दत्तात्रेय चौधरी ने किया।

युवक की हत्या का आरोप, मॉच्यूरी के बाहर प्रदर्शन

24 न्यूज अपडेट


उदयपुर के घासा थाना क्षेत्र में एक युवक के संदिग्ध अवस्था में मिले शव के मामले में ग्रामीणों ने मंगलवार को एमबी हॉस्पिटल मॉच्यूरी में विरोध-प्रदर्शन किया। ग्रामीण और परिजनों ने युवक की हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों को जल्द पकड़ने की मांग उठाई। पुलिस प्रशासन के खिलाफ हाय-हाय के नारे लगाए। इसके बाद ग्रामीण कलेक्ट्रेट पर आए और प्रदर्शन करने लगे।

घासा थानाधिकारी बाबूलाल कहना है कि परिजनों से रिपोर्ट ली है और मामले की जांच कर रहे हैं। परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं उस एंगल से जांच जारी है। अंबेरी सरपंच बाबूलाल गमेती ने बताया- पुलिस ने मामले में अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है। न ही अभी तक कोई जांच शुरू की है। परिजनों ने संदिग्धों के नाम से रिपोर्ट दी है, जिसमें हत्या का आरोप लगाया है। 24 घंटे से ज्यादा होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक दिन पहले शव को टैंपो में रखा और अब उदयपुर एमबी हॉस्पिटल मॉच्यूरी भेज दिया। हमें कोई संतुष्ट जबाव नहीं दे रहा है।

सड़क किनारे था शव-घासा थाना क्षेत्र की पंचायत विजनवास के नरदासिया गांव रोड किनारे सोमवार सुबह युवक जगदीश गायरी का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला था। मृतक दो दिन पहले रविवार को अपने परिवार के साथ ढीकली स्थित उनके बुआ के यहां करवाचौथ के कार्यक्रम में शामिल होने गया था। वह वहां से अकेला लौटा और दूसरे दिन उसका शव नरदासिया गांव मार्ग पर पड़ा मिला।

राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इन्वेस्टर समिट में हुए 13 हजार करोड़ के 183 एमओयू

विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में राजस्थान निभा रहा महती भूमिका : प्रभारी मंत्री श्री हेमन्त मीणा



राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इन्वेस्टर समिट को संबोधित करते उदयपुर के प्रभारी मंत्री श्री हेमन्त मीणा तथा मंचासीन अतिथिगण

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 22 अक्टूबर। जिले के प्रभारी व राजस्व तथा उपनिवेशन विभाग मंत्री श्री हेमन्त मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना देखा है। इसमें मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान महती भूमिका निभा रहा है। राज्य सरकार नई निवेश प्रोत्साहन नीति- 2024 के माध्यम से प्रदेश में निवेश को बढ़ावा दे रही है। निवेशकों को हर संभव सहयोग के लिए सरकार पूरी तरह से कटिबद्ध है। श्री मीणा मंगलवार को झीलों की नगरी उदयपुर स्थित होटल रेडिसन ब्लू में जिला प्रशासन, जिला उद्योग केंद्र तथा रीको के तत्वावधान में आयोजित राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इन्वेस्टर समिट को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, युडीए आयुक्त राहुल जैन, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर वारसिंह, एसडीएम गिर्वा रिया डाबी, उदयपुर चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष मांगीलाल लुणावत, लघु उद्योग भारती अध्यक्ष मनोज जोशी भी बतौर विशिष्ट अतिथि मंचासीन रहे। प्रभारी मंत्री श्री मीणा ने कहा कि उदयपुर जिले में पर्यटन, खनन, खाद्य प्रसंस्करण, मार्बल, रियल एस्टेट, आर्ट सहित कई क्षेत्रों में विकास की प्रचूर संभावनाएं हैं। उन्होंने निवेशकों का आह्वान करते हुए कहा कि आईये, उदयपुर में निवेश करके अपने व्यापार को नई ऊंचाई दें और राजस्थान और देश के विकास में सहभागी बनें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राजस्थान सरकार कंधे से कंधा मिलाकर निवेशकों के साथ रहेगी और हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

भूमि आवंटन प्रकरणों का होगा त्वरित निस्तारण

प्रभारी मंत्री श्री मीणा ने कहा कि किसी भी औद्योगिक इकाई के लिए भूमि की उपलब्धता पहली आवश्यकता रहती है। राजस्व विभाग मंत्री होने के नाते उन्होंने भरोसा दिलाया कि भूमि आवंटन संबंधित प्रकरणों का त्वरित गति से निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन और सभी विभागों की ओर से भी निवेशकों को पूरी तरह से सहयोग किए जाने की बात कही।

विकास की नई इबारत लिखेगा उदयपुर : विधायक

कार्यक्रम को संबोधित करते विशिष्ट अतिथि उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने कहा कि उदयपुर पर्यटन और खनन के लिए पूरे विश्व में पहचान बना चुका है। राइजिंग राजस्थान के जरिए नए निवेश प्रस्तावों से उदयपुर विकास की नई इबारत लिखेगा। औद्योगिक विकास के साथ ही रोजगार के अवसर खुलने से स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने भी निवेशकों को जनप्रतिनिधियों, राज्य सरकार तथा स्थानीय प्रशासन की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

13 हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावों पर एमओयू हस्तांतरित

समारोह के दौरान प्रभारी मंत्री श्री मीणा सहित अतिथियों की ओर से जिला स्तर पर प्राप्त 13 हजार करोड़ रूपए के 183 निवेश प्रस्तावों पर एमओयू का हस्तांतरण किया गया। इनमें से करीब 1500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव कार्यक्रम के दौरान हाथों-हाथ ही प्राप्त हुए। इनमें पर्यटन, खनन, फर्टीलाइजर, मार्बल उद्योग, फुड प्रोसेसिंग आदि क्षेत्रों से जुड़े प्रस्ताव शामिल हैं। इन इकाईयों की स्थापना से उदयपुर जिले में 35 हजार से अधिक लोगों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

ब्रॉशर का विमोचन

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शैलेंद्र शर्मा, रीको के उपमहाप्रबंधक अजय पाण्ड्या व संजय नैनावाटी सहित अन्य ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रभारी मंत्री श्री मीणा सहित अतिथियों ने राइजिंग राजस्थान ब्रॉशर का विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान उदयपुर में निवेश संभावनाओं पर वीडियो फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उद्यमी वीरेंद्रसिंह राणावत, जे.के. टालिया, एनआरआई रमेशचंद्र पाटीदार, उद्यमी मांगीलाल लुणावत सहित अन्य ने उदयपुर में उद्यम स्थापित करने तथा सफल होने के संबंध में अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में रीको के क्षेत्रीय प्रबंधक सुशील मीणा, जिला उद्योग अधिकारी जोखाराम मेघवाल, प्रिंस परमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण तथा निवेशक उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी का अवलोकन

इन्वेस्टर समिट स्थल पर उदयपुर की विभिन्न कलाओं, खनन संपदा आधारित उपक्रमों आदि की प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रभारी मंत्री ने उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर उत्पाद की विशेषताओं के बारे में संबंधितों से जानकारी लेते हुए शुभकामनाएं दी।

डॉक्टर्स की हड़ताल ने राजस्थान में हालात बिगाड़े:रात में मरीजों को देखने के लिए डॉक्टर्स नहीं, 225 ऑपरेशन टले; कोटा में नहीं हुई हड़ताल



24 न्यूज अपडेट

जयपुर समेत राजस्थान के अन्य शहरों में आज भी रेजिडेंट्स डॉक्टर्स की हड़ताल जारी रही। इस कारण आज भी जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज से अटैच हॉस्पिटल में आईपीडी, ओटी, ओपीडी और इमरजेंसी सेवा प्रभावित रहीं।

आज जयपुर के सवाई मान सिंह हॉस्पिटल में ही छोटे और गैर जरूरी (जिन्हें टाला जा सकता है) 100 से ज्यादा ऑपरेशन नहीं हुए। इस हड़ताल का सबसे ज्यादा प्रभाव रात के समय जनरल वार्ड, आईसीयू और इमरजेंसी में पड़ रहा है। यहां नाइट शिफ्ट में मरीजों को संभालने के लिए डॉक्टर्स नहीं हैं।

इधर, कोटा में रेजिडेंट डॉक्टर्स ने हड़ताल पर नहीं जाने का फैसला लिया है। सोमवार को भी यहां के रेजिडेंट डॉक्टर्स हड़ताल पर नहीं थे। उन्होंने हड़ताल का समर्थन नहीं करने का भी फैसला लिया है।

50 डॉक्टर्स की ड्यूटी वार्डों में लगे, तब कंट्रोल में आए व्यवस्था

सरकार ने जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज में कल जिन 50 डॉक्टर्स की ड्यूटी लगाई है। खास बात यह है कि इन डॉक्टर्स की ड्यूटी इवनिंग और नाइट में वार्डों, आईसीयू और इमरजेंसी में नहीं लगाई गई, जबकि हड़ताल का सबसे ज्यादा प्रभाव वहीं देखने को मिल रहा है। दिन के समय ओपीडी और वार्डों में फेकल्टी और दूसरे जूनियर डॉक्टर्स के उपलब्ध रहने के कारण इतनी समस्या नहीं रहती, लेकिन शाम और रात में रेजिडेंट्स के नहीं होने से परेशानी बढ़ जाती है।

सोने-चांदी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड:एक लाख पार पहुंची चांदी की कीमत; 80,300 हुआ 10 ग्राम सोने का भाव



24 न्यूज अपडेट

भारत में दीपोत्सव का पर्व नजदीक आने के साथ ही सोने और चांदी की कीमत में रिकॉर्ड तेजी आ गई है। मंगलवार को सोने की कीमत में 300 रुपए जबकि चांदी की कीमत में 500 रुपए की तेजी आई। इसके बाद 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 80 हजार 300 रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत बढ़कर एक लाख 300 रुपए पर आ गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार दीपावली तक स्टैंडर्ड सोने की कीमत जहां 82 हजार रूपए के आंकड़े को पार कर सकती है। जबकि चांदी प्रति किलो की कीमत में एक लाख 5 हजार रुपए पर पहुंच सकती है।

जयपुर सर्राफा एसोसिएशन के राकेश खंडेलवाल ने बताया- अंतरराष्ट्रीय बाजार में जारी उठा पाठक और चुनावों की वजह से कीमती धातुओं में निवेश बढ़ा है। वहीं, भारतीय बाजार में भी त्यौहारी और वेडिंग सीजन करीब आ गया है। जिसकी वजह से हर दिन सोने और चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिल रही है। ऐसे में दीपावली तक 10 ग्राम सोने की कीमत 82 हजार रुपए के आंकड़े पर पहुंच सकती है। जबकि चांदी की कीमत एक लाख पांच हजार रुपए को तक जा सकती है।

जयपुर सर्राफा कमेटी की और से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 80 हजार 300 रुपए पर आ गई है, जबकि 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत सोने की कीमत 75 हजार रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 61 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 48 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत एक लाख 300 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है।

लखावली में मादा पैंथर पिंजरे में हुई कैद, वन विभाग ने पंचायत भवन के पास घाटी में लगाया था पिंजरा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर शहर से सटे लखावली इलाके की पहाड़ी पर पिंजरे में कैद हुआ लेपर्ड भाग गया है। उसे वन विभाग की टीम सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क लेकर गई थी। वन विभाग के कर्मचारियों को इसकी जानकारी सुबह करीब 8 बजे हुई। अब फिर से उसकी खोज शुरू हो गई है। पार्क के अंदर टीमें सर्च ऑपरेशन चला रही हैं।

कल रात को ले गए थे सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क

लखावली इलाके की पहाड़ी पर लेपर्ड के मूवमेंट को देखते हुए वन विभाग ने पिंजरा लगाया था। सोमवार दोपहर बाद एक लेपर्ड इस पिंजरे में आकर कैद हो गया। शाम करीब 4 बजे तेंदुए के गुर्राने की आवाज आई तो गांव वाले पहाड़ी पर गए। वहां पिंजरे में तेंदुआ कैद हो चुका था। इसकी सूचना फौरन वन विभाग को दी गई थी। बरोड़िया वन नाके से वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। तब तक उदयपुर से भी टीम पहुंच गई थी। शाम को टीम लेपर्ड को उदयपुर के सज्जनगढ़ बायोलोजिकल पार्क ले गई थी।

रात 11 बजे तक दिखा था लेपर्ड

सूत्रों का कहना है कि वन विभाग के कर्मचारियों ने रात के 11 बजे तक लेपर्ड को पिंजरे में देखा था। मंगलवार सुबह करीब 8 बजे कर्मचारी पहुंचे तो पिंजरे में लेपर्ड नहीं दिखा। बताया जा रहा है कि पिंजरा पूरी तरह से लॉक था। किनारे से प्लेट को तोड़कर लेपर्ड भाग गया है। सूचना मिलने के बाद वन विभाग के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी ली।

गुरूवार की शाम होगी बाबा श्याम के नाम, कन्हैया मित्तल सहित कई कलाकार करेंगे सुरों से श्रृंगार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। लेकसिटी एक बार फिर श्याम रंग में रंगने वाली है। गुरूवार को श्री श्याम परिवार उदयपुर (मेवाड़) की ओर से शाम 7 बजे एक शाम बाबा श्याम के नाम भव्य भजन संध्या का आयोजन बीएन कॉलेज ग्राउंड, सेवाश्रम उदयपुर में होने जा रहा है। इसको लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन न्यू भूपालपूरा 100 फिट रोड स्थित रॉयल हिस्टोरिया होटल में हुई। श्री श्याम परिवार के अध्यक्ष यशवंत सुहालका व महामंत्री वीरेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि मेवाड़ की पुण्य धरा पर पहली बार भजन सम्राट कन्हैया मित्तल (चंडीगढ) अपनी आवाज से बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। कन्हैया मित्तल के अलावा भी प्रसिद्ध भजन कलाकार गोकुल शर्मा, जगदीश वैष्णव, त्रिशा सुथार सहित कई भजन कलाकार भजनों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर बाबा श्याम का सुरों से श्रृंगार करेंगे। इस मौके पर खाटूश्याम मंदिर सीकर के श्री श्याम कमेटी के मंत्री एवं निज मंदिर के पूजारी मानवेंद्र सिंह चौहान का पावन सानिध्य प्राप्त होगा। साथ ही बाबा का पावन दरबार भव्य तरीके से सजाया जाएगा। वहीं बाबा श्याम का शीश और दरबार जयपुर से आएगा जबकि कलकता से फूल मंगवाए गए है। श्री श्याम परिवार के मंत्री जयवर्द्धन सिंह चौहान व नरेंद्र चौधरी ने बताया एक शाम बाबा श्याम के नाम होने वाली भजन संध्या में पुष्प एवं इत्र वर्षा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। भजन संध्या के लिए पिछले तीन दिनों से जयपुर से आए कलाकार दरबार सजाने की तैयारियां कर रहे है। वहीं भजन संध्या में बाबा श्याम को छप्पन भोग धराया जाएगा और 5 क्विंटल छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया जाएगा। शाम 7 बजे से अखंड ज्योत प्रज्जवलित होगी जिसके दर्शन के लिए बाबा श्याम के भक्त उमड़ेंगे। महाआरती के दौरान शहर के सैकड़ों श्रद्धालु आएंगे। भजन संध्या में सहकारिता व नागरिक उडयन मंत्री एवं बड़ीसादडी के विधायक गौतम दक, पुलिस महानिरीक्षक राजेश मीणा, पूर्व विधायक प्रिति गजेंद्र सिंह शक्तावत, चित्तौडगढ सांसद सी.पी जोशी, कलेक्टर अरविंद पोसवाल आदि मुख्य आमंत्रित अतिथि के रूप शामिल होंगे। आयोयक मंडल के राकेश सुहालका ने बताया कि भजन संध्या को लेकर बीएन कॉलेज ग्राउंड में भूमि पूजन किया गया। उन्होंने बताया कि भजन संध्या के लिए तीन जगह पार्किंग की सुविधा रहेगी।

भ्रष्ट अफसर, नाकारा नेताओं की मेहरबानी से बिजली, सड़क पानी को तरसा 'गोवर्धन अपार्टमेंट'



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट.उदयपुर। ये उदयपुर में सेक्टर-14 स्थित गोवर्धन अपार्टमेंट है जिसको यहां का प्रशासन, हाउसिंग बोर्ड और नेता किसी विदेशी मुल्क जैसा ट्रीट कर रहे हैं। नगर निगम और यूडीए अपार्टमेंट के आस-पास सड़कें बनाएंगे, साफ-सफाई सहित अन्य सुविधाओं का विस्तार करेंगे लेकिन इस अपार्टमेंट की ओर झांक कर भी नहीं देखेंगे। वोट लेने हर बार नेता हाथ जोड़कर आएंगे और बड़े-बड़े वादे करके जाएंगे लेकिन बाद में कुछ भी नहीं करेंगे। यहां 144 फ्लैट में रहने वाले लोग रोज बिजली, सड़क, पानी जैसी सुविधाओं के लिए हाउसिंग बोर्ड और नगर निकायों के चक्कर लगा कर थक गए हैं लेकिन कोई बताने वाला नहीं है कि यहां पर मेंटेनेंस आखिर कौन करेगा। पहाड़ों को काटने पर भी आंख मूंदकर देखने वाले और बिना बात के डिवाइडर तोड़ कर नया बनाने वाले हमारे माननीय अफसर जिद पाल कर बैठे हैं कि हाउसिंग बोर्ड की इस कॉलोनी में कोई काम नहीं करवाना है। जब भी यहां के विकास की बात आती है, वे अपने दिल और दिमाग के खिड़की-दरवाजे बंद करके बैठ जाते हैं। आपको बता दें कि वर्ष 2015 में हाउसिंग बोर्ड ने सेक्टर 14 में 144 फ्लैट का निर्माण करके उनका आवंटन किया था। बाद में इसका नाम गोवर्धन अपार्टमेंट रखा गया। आवंटन के बाद जब इस परिसर का रखरखाव कोई भी एजेंसी नहीं कर रही थी तो यहां के लोगों ने हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों से कहा कि मेंटेनेंस करवाएं। इस पर उस वक्त के झूठे और चक्करबाज अफसरों ने कह दिया कि मेंटेनेंस का जिम्मा नगर निकाय को दे दिया है। निकायों के पास गए तो कहा कि हाउसिंग बोर्ड के अफसर झूठ बोल रहे हैं। जब हाउसिंग बोर्ड के अफसरों के पास गए तो उन्होंने लिख कर दे दिया कि नगर निकाय ही मेंटेनेंस करवाएगा। इसके बाद फिर नगर निगम के चक्कर लगाए तो कहा गया कि ऐसा कोई एग्रीमेंट नहीं हुआ है। कलेक्टर साहब के पास गए तो उन्होंने विजिलेंस की बैठक में दोनों पक्षों को बुलाया। तब पता चला कि महाभ्रष्ट और बात-बात में गोली देकर जनता का वक्त बर्बाद करने वाले हाउसिंग बोर्ड क अफसर झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने पहली बार स्वीकारा कि मेंटेनेंस राशि नहीं ली थी इसलिए मेंटेनेंस नहीं कर रहे हैं। कलेक्टर ने समस्या का हल निकालने के निर्देश दिए लेकिन हाउसिंग बोर्ड के भ्रष्ट अफसरों ने मामला मैनेज कर लिया और आज तक समस्या का हल नहीं निकाला। यहां के रहवासियों का कहना है कि फ्लैट सरकारी एजेंसी ने बनाए, उसी ने आवंटित किए तो फिर मेंटेनेंस में दिक्कत क्या है। ज्यादा से ज्यादा ये हो सकता है कि प्रशासन चाहे तो आज भी मेंटेनेंस राशि लेकर निगम को जिम्मा दे सकते है। लेकिन बात नहीं बन रही है क्योंकि अब तक किसी हाईपावर नेता या अफसर की फटकार नहीं पड़ी है। हाउसिंग बोर्ड की कई दर्जन कॉलोनियां शहर में हैं उनका मेंटेनेंस निगम कर रहा है। ऐसे में निगम यहां की लाइटें, सड़क आदि का रख रखाव कर दे तो कोई ज्यादा भार नहीं पड़ने वाला हैं। ट्वंटी फोन न्यूज अपडेट की टीम ने जब यहां का जायजा लिया तो हालात बदतर हैं। कुछ मकान झुक रहे हैं, कभी भी जनहानि हो सकती है। सड़क से गिट्टी निकल आई है। पार्क की घास में जानलेवा जीवों के डसने का डर है। सिवरेज का पानी फैला हुआ है। कचरा निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं है। लोगों को हाउसिंग बोर्ड व नगर निगम ने फुटबॉल बना दिया है। अगर सांसद व विधायक चाहे तो मिनटों में समस्या हल हो सकती है लेकिन उनकी दिलचस्पी भी शायद वोट बैंक को लेकर ही जागेगी। शहर के बीच एक कॉलोनी से ऐसा बर्ताव ना सिर्फ चिंताजनक है बल्कि स्मार्ट सिटी के प्रबंधन पर कलंक भी है। जिम्मेदारों को तुरंत संज्ञान लेकर समस्या का हल निकालना चाहिए।

त्यौहारों के मद्देनजर खाद्य पदार्थो में मिलावट पर कार्यवाही जारी



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद, 18 अक्टूबर। त्यौहारो के मध्येनजर खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम को लेकर राज्य सरकार द्वारा शुद्ध आहार - मिलावट पर वार अभियान के तहत राजनगर के सनवाड़, कुम्भलगढ़ ब्लॉक के बड़गांव व केलवाड़ा में टीम ने कार्यवाही कर खाद्य पदार्थो के नमुने लिये तथा प्रथम दृष्टया दूषित एवं बदबूदार पाये जाने पर खाद्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। यह जानकारी सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने दी।

उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव व टीम ने सनवाड़ स्थित देवनारायण गृह उद्योग से मिल्क पेड़ा का नमुना लेकर वहां पेकिट व ट्रे में रखा लगभग 100 किलो मिल्क पेड़ा जो कि देखने व सुंघने पर दूषित पाया गया मौके पर नष्ट करवाया गया। टीम ने बड़गांव में क्षेत्रपाल रेस्टोरेंट से मिल्क केक व बालाजी टी एण्ड नास्ता सेंटर पर बेसन चक्की का नमुना लिया। टीम ने केलवाड़ा कस्बे से जोधपुर मिष्ठान भण्डार से कलाकंद का नमुना लिया तथा लगभग 10 किलो दूषित मिठाई जो पुरानी थी को मौके पर ही नष्ट करवाया तथा जोधपुर मिष्ठान भंडार से गुलाब जामुन का नमुना जांच हेतु लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबारीयों के यहां साफ - सफाई एवं स्वच्छता को लेकर विशेष दिशा निर्देश दिये गये।

'एक्सप्लोरिंग द होराइजन्स' कार्यशाला में सरकारी स्कूलों के बच्चों को किया प्रोत्साहित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 22 अक्टूबर। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल ने कहा है कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में गुणवत्तायुक्त शिक्षा की दृष्टि से देखें तो सरकारी स्कूलों का कोई सानी नहीं है, बस विद्यार्थी पूर्ण मनोयोग से प्रयास करें तो सफलता अवश्य ही मिलेगी। सुखवाल मंगलवार को होटल रेडिसन ब्लू में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए कश्ती फाउंडेशन, सेंडीस ट्रेवल टेल्स व रेडिसन ब्लू के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'एक्सप्लोरिंग द होराइजन्स' शीर्षक से आयोजित कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से कश्ती फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की और कहा कि आत्मविश्वास ही सबसे बड़ी पूंजी है, ऐसे में वे पूरे आत्मविश्वास के साथ कॅरियर निर्माण के लिए योजनाबद्ध रूप से अभी से जुट जावें। उन्होंने विद्यार्थियों को अखबार और मैगजीन को पढ़ने की आदत विकसित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन जागृति के बारे में भी जानकारी देते हुए मदद के लिए तत्पर होने की प्रतिबद्धता जताई।

दुष्कर्म पीड़िता प्रेग्नेंट युवती ने किया सुसाइड

24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा में दुष्कर्म पीड़िता के सुसाइड करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता को ब्लैकमेल कर उसके साथ दुष्कर्म किया। जिससे वह प्रेग्नेंट हो गई। घर की बदनामी के डर से पीड़िता ने 10 अक्टूबर को घर में सेल्फॉस (कीटनाशक दवा) पी लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

परिजनों ने हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान सोमवार को पीड़िता की मौत हो गई। पुलिस की मौजूदगी में मंगलवार को युवती का अंतिम संस्कार किया गया।

मृतका के पिता ने थाने में 15 अक्टूबर को रेप, छेड़छाड़ और ब्लैकमेलिंग का केस दर्ज करवाया था। पिता का कहना है कि पुलिस ने मामले में लापरवाही बरती, जिसके कारण उनकी बेटी की जान चली गई।

पिता ने 7 दिन पहले दर्ज करवाई थी रिपोर्ट

मामला बिगोद थाना क्षेत्र का है। थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने 15 अक्टूबर को रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि उनकी 19 साल की अविवाहित बेटी को थाना क्षेत्र में रहने वाला एक युवक पिछले एक साल से लगातार ब्लैकमेल कर रहा है। उस घर से उठा ले जाने और जबरन विवाह करने के लिए आए दिन परेशान कर रहा है।

पिता ने रिपोर्ट में बताया- करीब 6 माह पहले उनकी बेटी ने एक युवक द्वारा परेशान करने और अकेले मिलने पर जबरदस्ती करने की बात बताई थी। लड़की के पिता ने युवक के घर जाकर उसके पिता से शिकायत की तो युवक के पिता द्वारा दोबारा उनके बेटे द्वारा ऐसी हरकत नहीं करने की बात कहते हुए माफी मांगी थी।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।